तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 24 मार्च 2026

10 श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना कर मांगी...



10 जींद रैली में जुटेगी भारी भीड़ : डॉ. पुष्पा तायल



PHYSICS WALLAH | VIDYAPEETH PATHSHALA
Now at WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL
ADMISSIONS OPEN 2026-27
अब आपके जींद शहर में अब
PHYSICS WALLAH JIND
IIT-JEE | NEET FOUNDATION
Class 8th to 12th
ASHRAFGARH, GOHANA ROAD, JIND | M. 7988579792



## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से महिला की मौत

जींद। गांव खरकरामजी के निकट गोहाना रोड को पार कर रही महिला को तेजरफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खरकरामजी निवासी कृष्णा देवी (60) गोहाना रोड को पार कर रही थी। उसी दौरान जींद की तरफ से आ रही तेजरफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना का अंजाम देकर चालक कार समेत मौके से फरार हो गया।

### बैंक से सोना छुड़वाने का झांसा दे 5.27 लाख ठगे

जींद। बैंक में गिरवी रखे सोने को छुड़वाने का झांसा देकर दूसरी फर्म से पांच लाख 27 हजार रुपये हड़पने पर शहर थाना सफीदो पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव मोहाना निवासी मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गोहाना में कैश फॉर गोल्ड के नाम से कार्यालय चलाता है। सोना गिरवी रखने के बाद सस्ती ब्याज दर पर लोन करता है। गत 28 अक्टूबर को गांव शिल्लाखेड़ी निवासी विनोद उसके पाया और घर को सोना बैंक में गिरवी रखा होने की बात कही।

### डिडवाडा के सरपंच समेत 35 लोगों पर मामला दर्ज

जींद। गांव डिडवाड़ा में धर्म विशेष के लोगों के साथ मारपीट करने तथा धमकी देने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने 15 लोगों को नामजद कर 20 अन्य के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को भड़काने का मामला दर्ज किया है। डिडवाड़ा निवासी अमीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में टेंट की दुकान चलाता है। गत 21 मार्च में वे मस्जिद में नमाज अता करने जा रहे थे। गांव के सरपंच राजन ने सभी परिवारों को गांव छोड़ने के लिए धमकी दी। उन्हें नमाज भी नही करने दी गई। वहां आए लोगों के साथ मारपीट तथा गाली गलौज की गई।

### बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

जींद। जिला जींद में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उचाना थाना पुलिस ने चोरी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। उचाना थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलबाग सिंह ने सोमवार को जानकारी देते बताया कि पुलिस चौकी मंडी उचाना में शिकायतकर्ता उचाना निवासी प्रदीप उर्फ काला ने शिकायत दी थी। जिसमें बताया था कि उसने बाइक गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना के पास खड़ी कि थी। कुछ समय बाद मोटरसाईकिल वहां नही मिली। शिकायत पर कार्रवाई करते उचाना थाना पुलिस ने गत 11 मार्च को बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

### 1 किलो 940 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर काबू

कैथल। थाना तितरम क्षेत्र सीआईए-1 पुलिस ने आरोपी को 1 किलो 940 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान प्योदा गेट जींद रोड कैथल पर मौजूद थी। गुप्त सूचना मिली कि एक युवक तितरम मोड़ के पास हिसार-चंडीगढ़ हाईवे पर पुल के नजदीक नशीला पदार्थ लेकर खड़ा है।

# पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने शहीदी दिवस पर बधाना में की शिरकत

## शहीदी दिवस बना खास, शहीद परिवार में जन्मोत्सव से बढ़ गईं खुशियां

## शहीद कैप्टन पवन कुमार के परिवार को कै. अभिमन्यु ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने शहीदी दिवस के अवसर पर गांव बधाना में शौर्य चक्र विजेता शहीद कैप्टन पवन कुमार के अनुज नवदीप सिंह के जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मान स्वरूप शिरकत की। इस अवसर पर राजबीर खटकड़ एवं समस्त परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की तथा सभी से आत्मीय भेंट कर मंगलकामनाएं सांझा की। ईश्वर से प्रार्थना है कि बालक नवदीप सिंह उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य प्राप्त करें तथा अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करें। ऐसे पावन अवसर हमें अपने वीर शहीदों के त्याग और बलिदान की याद दिलाते हैं तथा समाज में एकता और भाईचारे की भावना को और सुदृढ़ करते हैं। गौरतलब है कि शहीद कैप्टन पवन कुमार राजवीर के ही पुत्र थे। जो वर्ष 2016 को शहीद हो गए थे। इसके बाद राजीव, राजवीर को वर्ष 2019 में दो लड़कियां जुड़वा पैदा हुई। जो दोनों स्वस्थ हैं। अब 11 फरवरी 2026 को नवदीप पुत्र राजवीर (शहीद कैप्टन पवन का भाई) का जन्म हुआ। आज शहीदी दिवस के दिन ही गांव में नवदीप के जन्मोत्सव पर भंडारे व दसूटन का प्रोग्राम किया गया।





जींद। बधाना में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व बधाना में आयोजित कार्यक्रम में सैन्य अधिकारियों से मिलते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि

## पिछले तीन दिन से चक्कर काट रहे लोग, फूटा गुस्सा

# गैस सिलेंडर न मिलने से खफा उपभोक्ताओं ने लगाया जाम

### सिविल लाइन थाना प्रभारी ने समझाकर जाम खुलवाया

**एजेंसी मैनेजर को मौके पर बुला किया मामले को शांत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गैस सिलेंडर न मिलने से खफा उपभोक्ताओं ने सोमवार दोपहर बाद पुलिस कालोनी के सामने गोहाना रोड पर खाली सिलेंडर रख कर जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना प्रभारी मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया। हुडा ग्राउंड में रसोई गैस सिलेंडरों का इंतजार कर रहे उपभोक्ताओ का सोमवार दोपहर बाद उस समय गुस्सा फूट पड़ा जब तीसरे दिन भी गैस की स्पलाई नही मिली। खफा उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर पुलिस कालोनी के सामने जींद-गोहाना रोड पर आ गए और खाली सिलेंडर रख जाम लगा दिया। पारस गैस उपभोक्ताओं ने कहा कि वह पिछले तीन दिन से गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लग रहे हैं लेकिन स्पलाई न आने की बात कह कर उन्हें चलता कर दिया जाता है। अगर स्पलाई नही आती तो पर्ची क्यों काटी जा रही है।



जींद। गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी लाइन। फोटो :हरिभूमि

सोमवार को सुबह से वे लाइन में लगे हैं। अबतक गैस की स्पलाई नही आई है। उपभोक्ताओं के बिफरने की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और गैस एजेंसी के मैनेजर को मौके पर बुलाया। बताया कि सोमवार को स्पलाई आनी थी। कारणवश वह नही आ सकी। मंगलवार स्पलाई आ जाएगी। समझाने बुझाने के बाद उपभोक्ता शांत हो गए और मार्ग को खोल दिया। सिविल लाइन थाना प्रभारी पूजा ने बताया कि उपभोक्ताओं को गैस की स्पलाई नही मिली थी। मैनेजर को मौके पर बुला कर उपभोक्ताओ समझा दिया गया था। जिसके बाद ने चले गए।

### डिलीवरी सिस्टम को दुरुस्त किया जाए

जींद। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि जिले में इन दिनों एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर गहराता संकट अब जनसमस्या का रूप ले चुका है। अलग-अलग गैस एजेंसियों के बाहर रोजाना सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष लंबी-लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर तो 200-200 लोगों की लाइन लग रही हैत्र जिससे आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। राजकुमार गोयल ने कहा कि जींद में एलपीजी गैस की मौजूदा स्थिति बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। महिलाएं और बुजुर्ग घंटों-घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा। यह प्रशासनिक व्यवस्था की बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि लोगों को चार से पांच घंटे तक लाइन में लगना पड़ रहा है। फिर भी कई परिवारों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इससे आमजन की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। गोयल ने बताया कि इस संकट का सबसे ज्यादा असर कामकाजी लोगों पर पड़ रहा है। लोग अपने जरूरी काम छोड़ कर गैस लेने के लिए लाइनों में लग रहे हैं। कई परिवारों को दोबारा चूल्हे पर खाना बनाने की स्थिति में आना पड़ रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि कई उपभोक्ताओं के मोबाइल पर गैस डिलीवरी के मैसेज तो पहुंच रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत में सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। राजकुमार गोयल ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि शहर में एलपीजी गैस की सप्लाई तुरंत बढ़ाई जाए। गैस एजेंसियों पर व्यवस्थित और पारदर्शी वितरण प्रणाली लागू की जाए। डिलीवरी सिस्टम को दुरुस्त किया जाए।

# जींद: रेलवे पुलिस ने यात्रियों से छीना झपटी वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

## आउटर सिग्नल में सिक्का फंसा कर देते थे वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे पुलिस ने चंडीगढ़-जयपुर रेलगाड़ी से यात्रियों से छीना झपटी करने के एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस गिरोह के एक सदस्य को काबू कर अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपित से गिरोह के अन्य सदस्यों तथा छीने गए सामन के बारे में पूछताछ कर रही है। रेलवे पुलिस ने चंडीगढ़ जयपुर रेलगाड़ी में यात्रियों को सामान छीनने के मामले में गांव सरेहडा जिला हिसार निवासी सागर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि अपने तीन साथियों के साथ मिल कर चंडीगढ़-जयपुर रेलगाड़ी में जैजैवंती तथा बरसोला के निकट दो वारदातों को अंजाम दिया है। जिसमें एक महिला यात्री के जेवरात वाला पर्स तथ एक महिला यात्री से नगदी तथा मोबाइल फोन वाला बैग छीना था। फोन वहीं फैंक कर नगदी तथा जेवरात को ले जाते थे। आरोपित ने पुलिस पूछताछ में बताया कि गिरोह मिलजुल कर वारदात को अंजाम देता था। कुछ साथी ऐसी कोच में यात्रियों पर नजर रखते थे। जबकि कुछ साथ रेलवे स्टेशनों के आउटरों के सिगनल सिस्टम में सिक्का फंसा देते थे। जिससे आउटर सिगनल रेड हो जाता था। जिसका फायदा उठा कर वे वारदात को अंजाम दे रेलगाड़ी से नीचे उतर फरार हो जाते थे।



जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

### तीन की तलाश जारी

नरवाना रेलवे चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि गिरोह के लोग आउटर सिग्नल में सिक्का फंसा कर रेलगाड़ी में छीना झपटी की वारदात को अंजाम देते थे। एक आरोपित को काबू कर रिमांड पर लिया गया है। जबकि तीन की तलाश जारी है।

### ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

कैथल। युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में चौकी किठाना पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव गुलियाणा निवासी साहिल की शिकायत अनुसार वह 12वीं पास है और जागरण व कीर्तन का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। 2025 में उसकी मुलाकात कुलदीप निवासी गांव दौलतपुर जिला हिसार से हुई, जिसने खुद को प्रभावशाली लोगों से जुड़ा हुआ बताते हुए हरियाणा-पंजाब हाईकोर्ट में चपरासी, हरियाणा होमगार्ड तथा अन्य सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। वह कई बार उसके घर आया और उसे व उसके परिचित युवाओं को अपने झांसे में लेकर अलग-अलग पदों पर नौकरी दिलाने का विश्वास दिलाया। इसके लिए कुलदीप ने उसके जानकारों से रुपये मांगे। इसके बाद विनय, सोनू, अमन, दीपक ने उसे होमगार्ड की नौकरी लगवाने के लिए 80-80 हजार रुपये दे दिए। इसके अलावा हाफिज, विकास, संदीप व जसबीर ने चपरासी की नौकरी लगवाने के लिए 70-70 हजार रुपये और प्रमिला ने पीजीआई चंडीगढ़ में नौकरी लगवाने के लिए 30 हजार आरोपी को दे दिए।

### चार गैस सिलेंडर चोरी

कैथल। कैथल शहर में एलपीजी गैस की किल्लत के चलते एक ओर जहां एजेंसियों के बाहर सिलेंडर लेने वाले लोग कतारों में खड़े होकर बुकिंग और पर्ची का इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब चोरों ने सिलेंडर को ही अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। फिलहाल ताजा मामला कैथल के कलायत क्षेत्र से सामने आया है, जब किसानों के खेतों में रखे चार गैस सिलेंडर चोरी करके ले गए। गांव कुराड के किसान सोनू और अन्य ने बताया कि उन्होंने अपने खेतों में नेट हाऊस और पॉली हाऊस लगा रखे हैं। खेतों में काम करने के दौरान वे चाय बनाने के लिए गैस चूल्हा और सिलेंडर रखते हैं। खेत में आने वाले मजदूर भी इन्हीं पर चाय खाना बनाते हैं। 13 मार्च से 19 मार्च के बीच जब किसान अपना काम निपटाकर खेतों से अपने घर चले गए, तो चोर रात के समय उनके चार सिलेंडर चोरी करके ले गए। उन्होंने अपने स्तर पर चोरों के बारे में पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। कलायत थाना के जांच अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जींद। रेल के अंदर सर्च अभियान चलाए हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### जीआरपी ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

जींद। आतंकवादी घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा यात्रियों को विभिन्न अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) द्वारा जिला मुख्यालय रेलवे स्टेशन जींद पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाली रेलगाड़ियों की सघन तलाशी ली गई तथा यात्रियों के सामान की भी बारीकी से जांच की गई। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी जीत सिंह ने किया। उनके साथ एएसआई जितेंद्र सिंह, एसपीओ संजय, आरपीएफ से एएसआई गौरव, राम खिलाड़ी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। यात्रियों को बढ़ते अपराधों के प्रति जागरूक करते कहा कि यदि किसी भी यात्री को कोई संदिग्ध वस्तु या लावारिस बैग दिखाई देए तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके। थाना प्रभारी जीत सिंह ने बताया कि रेलवे पुलिस द्वारा इस प्रकार के चेकिंग अभियान समय-समय पर चलाए जाते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर नियमित रूप से भी ट्रेनों और स्टेशन परिसर की जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना जीआरपी की प्राथमिकता है। जीत सिंह ने साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते यात्रियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी।

### यातायात पुलिस ने 128 वाहनों के काटे चालान

कैथल। जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 16 मार्च से 22 मार्च तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली बत्ती का इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 73, ध्वनि प्रदूषण करने का 2, लाल नीली लाइट इस्तेमाल के 49 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी।

## आज तीन दिन की छुट्टी के बाद खुलेगा नागरिक अस्पताल, उमड़ेगी भीड़

# नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी में आए 211 मरीज, मेडिकल कालेज में 80 पहुंची ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लगातार तीन दिन तक छुट्टी होने के चलते अस्पताल प्रशासन ने सोमवार को हैबतपुर गांव में स्थित मेडिकल कालेज में ओपीडी करने का निर्णय लिया था। सोमवार को छुट्टी होने के बावजूद नागरिक अस्पताल के इजरजेंसी वार्ड में 211 मरीजों ने अपना उपचार करवाया। इसमें कोई भी एमएलआर नहीं कटी। यह सब सामान्य मरीज थे। वहीं हैबतपुर गांव में स्थित मेडिकल कालेज में केवल 80 मरीजों ही ओपीडी में पहुंचे। अस्पताल प्रशासन ने मेडिकल कालेज में चिकित्सकों की ओपीडी को लेकर



ड्यूटी लगाई थी लेकिन कोई खास मरीज नहीं पहुंचे। अब मंगलवार को अस्पताल खुलेंगे तो मरीजों की भीड़ उमड़ेगी। मार्च महीने के चौथे शनिवार को नागरिक अस्पताल में छुट्टी रही। रविवार की वैसे छुट्टी व सोमवार को शहीदी दिवस पर सरकारी छुट्टी थी। इस कारण मरीजों को ज्यादा परेशानी नहीं हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने गांव हैबतपुर में स्थित संत शिरोमणि धन्ना भगत राजकीय मेडिकल कालेज में ओपीडी की व्यवस्था की थी। इसके लिए नागरिक अस्पताल से चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई थी। छुट्टी होने के कारण नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भीड़ नहीं हो, इसलिए मेडिकल कालेज में ओपीडी की व्यवस्था थी। इसके बाद भी यहां ज्यादा मरीज नहीं आए। आमतौर पर मेडिकल कालेज में औसतन 60 मरीज ही आते हैं। सोमवार को भी इतने ही मरीज यहां पहुंचे।

### सभी का इलाज किया

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड में भी सोमवार को ज्यादा मरीज पहुंचे। कोई भी मरीज बिना इलाज के वापस नहीं गया सभी का इलाज किया गया। छुट्टी के कारण मरीजों को परेशानी नहीं होए इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कालेज में भी व्यवस्था की गई थी।

### खांसी, जुकाम के मरीज आए

नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी में औसतन 100 के आसपास मरीज आते हैं। सोमवार को छुट्टी होने के कारण यहां मरीजों की संख्या 211 रही। इमरजेंसी वार्ड में ज्यादातर मरीज खांसी, जुकाम व बुखार के आए। इसके अलावा दो मरीज कुत्ते के काटने के भी पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### विवि में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कल

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रो॰ डॉ राम पाल सैनी ने मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय की ओर से भारतीय दर्शन और मिशन ओलंपिक्स 2036 विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 25 मार्च को किया जाएगा। महत्वपूर्ण कार्यक्रम क्रीड़ा भारती के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रतिष्ठित शिक्षाविद शोधकर्ता खिलाड़ी एवं विद्यार्थी भाग लेंगे। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य भारतीय दर्शन के मूल सिद्धांतों को आधुनिक संदर्भ में समझाना तथा खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में नई सोच और ऊर्जा का संचार करना है।

### जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित की

जींद। शहीदी दिवस के अवसर पर किसान, छात्र एकता संगठन के उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने झुग्गी, झोपडियों में जरूरतमंद बच्चों को पेंसिल एवं कॉपी वितरित कर शहीदों के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा व्यक्त की। अभिषेक जुलाना ने कहा कि शहीद भगत सिंह केवल एक नाम नही बल्कि एक विचारधारा है। जो आज भी देश के युवाओं को जागरूक और संघर्ष के लिए प्रेरित करती है।

### संदिग्ध हालात में तीन युवतियां लापता, केस

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 मार्च को उसकी बेटी लाइब्रेरी के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद वह वापस घर नही लौटी। वहीं गांव गतौली से भी लगभग साढ़े 17 वर्षीय युवती गायब हो गई। उधर, विकास नगर से भी एक युवती गायब हो गई। परिजनों ने तीनों को तलाशा लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### जींद में आठ दिन गूंजेंगी भक्ति की स्वर लहरियां

जींद। शहर में एक बार फिर भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्री बनखंड महादेव मंदिर पुराना हांसी रोड जींद में 29 मार्च से पांच अप्रैल तक श्री कृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं का सजीव मंचन देख सकेंगे। यह आयोजन प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक होगा जहां भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं, रासलीला और विभिन्न धार्मिक प्रसंगों को आकर्षक और भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। संस्था के प्रेस प्रवक्ता दीपक गर्ग ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करेगा।

### राजस्व-आपदा प्रबंधन सेवाएं हुईं डिजिटल

जींद। हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने नागरिकों को भूमि और राजस्व संबंधी सेवाएं सरल व सुलभ तरीके से उपलब्ध कराने के लिए भूमित्र नामक व्हाट्सएअप आधारित चैटबॉट लॉच किया है। यह चैटबॉट हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है और नागरिकों को 24 घंटे, वर्ष के 365 दिन सहायता प्रदान करेगा। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भूमित्र एक स्मार्ट और संवादात्मक कन्वर्सेशनल चैटबॉट है।

### विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं

जींद। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों की भांति ग्रामीण क्षेत्रों मे भी समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। कहा कि पूर्व की किसी भी सरकार के कार्यकाल में गांवों के विकास के लिए इतनी बड़ी मात्रा में धनराशि उपलब्ध नहीं करवाई, जितनी वर्तमान सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है। सरकार की प्राथमिकता सामूहिक विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना है और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जा रही है। डिप्टी स्पीकर ग्रामीणों को पांच को होने वाली सीएम सैनी की रैली का न्यौता दे रहे थे।

## जागरण, चौकी और संकीर्तन में मां की महिमा का गुणगान

# श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना कर मांगी मन्नतें

### सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। शहर के प्रसिद्ध मंदिर जयंती देवी मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, रघुनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्त माथा टेकने के लिए पहुंचना शुरू हो गए। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती भी कह कर पुकारा जाता है। भागवान सकंद जी बालरूप में इन्हीं की गोद में विराजते हैं। इसलिए इनका नाम स्कंदमाता पड़ा। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्य मंडी की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। नवरात्र में मां भगवती अपने भक्तों मनोकामना अवश्य पूरी करती है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि मंदिर प्रांगण में हर दिन जागरण का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि शक्तिस्वरूपा मां वैष्णवी करूणा, वात्सल्य व आनंद का भंडार है, उनसे कुछ भी मांगने की जरूरत नही, जरूरत है तो उनके समीप बैठने की, अपने आपको उनके समीप, उनके भीतर अथवा उनको अपने अंदर अनुभव करने की। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। पूर्व नप अध्यक्ष विनोद आशरी, राजबीर सिंह तंवर, कपिल तंवर, दलबीर चहल, राजेश बेनीवाल, सौरभ गोयल, तिलक जुनेजा, विनोद जैन, गुलशन गांधी ने सपरिवार मां कुष्माण्डा की पूजा-अर्चना कर महायज्ञ में आहुति अर्पित की। आचार्य ने कहा कि हम जागरण, चौकी अथवा संकीर्तनों में मां की महिमा का गुणगाान करते हैं, तो क्या यह उनको प्रसन्न करने के लिए है। कदापि नहीं। क्योंकि मां तो सदैव प्रसन्न हैं, उनमें अप्रसन्नता की कल्पना करना भी अज्ञानता का सूचक है। हमें मां के दिव्य गुणों का बार-बार स्मरण कर स्वयं अपने भीतर उनका आह्वान करना है, स्थापन करना है, जिससे हम अपने अंतःकरण में पवित्रता आनंद व उनके दिव्य तेज का अनुभव कर सकें, उनकी शक्ति से ऊर्जस्वित हो सकें। आचार्य ने कहा कि जिस प्रकार सूर्य से ऊर्जा, ऊष्णता व प्रकाश प्राप्त करने के लिए उनके सम्मुख बैठने की जरूरत है। उसी प्रकार मां का कृपापात्र बनने के लिए उनके चरणार्विन्द में बैठने की जरूरत है, कृपा की वर्षा स्वतः होने लगेगी।




जींद। जयंती देवी मंदिर में मां भवगती की आरती करते श्रद्धालु व माता वैष्णवी धाम में नवार्ण महायज्ञ में आहूति डालने के बाद प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

### माता के दरबार में लगा भक्तों का तांता

उचाना। सोमवार को पांचवे चैत्र नवरात्र देव भूमि बनभौरी में माता भ्रामरी की पूजा व अर्चना करने श्रद्धालु माता भ्रामरी शक्तिपीठ धाम पहुंचे। प्रशासन, मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा नवरात्र को देखते हुए पुख्ता प्रबंधन श्रद्धालुओं के लिए किए गए थे। बेहतर व्यवस्था होने के चलते माता के दर्शन श्रद्धालु अच्छे और सुविधापूर्ण तरीके से कर पा रहे थे। पूरे मंदिर परिसर एवं माता भवन को फूलों से सजाया गया है। भीड़ अधिक होने श्रद्धालु लंबी लाइनों में लगे नजर आए रहे थे। लाइनें जल्दी-जल्दी आगे बढ़ रही थी ऐसे में माता के दर्शन आसानी से हो रहे थे। भवन के अंदर माता भ्रामरी के दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन उपरांत तुरंत बाहर निकाला जा रहा है ताकि अंदर भीड़ ज्यादा न हो। नवरात्र पर यहां आने वाले भक्तों की संख्या को देखते हुए प्रशासन, मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



जींद। जनसंपर्क अभियान चलाए डॉ. पुष्पा तायल। फोटो :हरिभूमि

# जींद रैली में जुटेगी भारी भीड़ : डॉ. पुष्पा तायल

**भाजपा जिला महामंत्री ने रैली का निमंत्रण दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जींद के एकलव्य स्टेडियम में पांच अप्रैल को होने वाली मुख्यमंत्री नायब सैनी की धन्यवाद रैली में भीड़ जुटाने को लेकर भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने जींद के पटियाला चौंक स्थित दुकानदारों से डोर टु डोर जाकर रैली में पहुंचने की अपील की।तायल ने दुकानदारों से अपील की कि वो आने वाली पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री के स्वागत व जींद के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में पहुंच कर मुख्यमंत्री का स्वागत करें। तायल ने दुकानदारों से रूबरू होते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं बना रही है व उनको धरातल पर लागू करने का काम कर रही है। लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की एक ही सोच है गरीब व्यक्ति का कल्याण कैसे हो, किस तरह महिलाओं को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलेएकिस प्रकार किसानों का भला हो, मजदूरों को किस प्रकार ज्यादा से ज्यादा काम मिले। तायल ने कहा उन्हीं की तर्ज पर जींद में हरियाणा सरकार में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा दिन रात विकास कार्यों को अंजाम देने में लगे रहते हैं। गांव-गांव जाकर लोगों के सुख-दुख में शरीक होते हैं। प्रत्येक गांव के विकास के लिए मुख्यमंत्री से धन राशि की मांग करते हैं। तायल ने कहा कि इसलिए हमारा भी दायित्व बनता है कि हम ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में पहुंच कर मुख्यमंत्री का स्वागत करें व डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के हाथों को मजबूत करें।

### भाजपा किसान हितैषी पार्टी : संजय

उचाना। भाजपा कसूहन मंडल अध्यक्ष संजय चहल ने कहा कि किसान हित के लिए किसी ने काम किया है तो वो भाजपा पार्टी है। पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सिंह की अगुवाई वाली केंद्र, प्रदेश सरकार किसान हितों के लिए योजनाएं बना उनको लागू कर रही है। किसानों के मुद्दों को विधानसभा में उठाने का काम विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री करते है क्योंकि वो खुद किसान है किसानए खेती के बारे में वो जानते है। चहल ने कहा कि उचाना में जो वर्षों पुरानी मांग किसानों, आढ़तियों की थी वो मांगे भी विधायक ने पूरी करवाने का काम किया। हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में धर्मकांटा लगाने की मांग हो या छात्तर सब यार्ड में धर्मकांटे मंजूर करवा कर उसको लगवाने की मांग हो। हरियाणा प्रदेश पूरे देश में ऐसा प्रदेश है जहां सबसे अधिक फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है।



पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा कसूहन मंडल अध्यक्ष संजय चहल।



सद्भाव यात्रा के दौरान हरेंद्र सिंह को सम्मानित करते संतोष बैनीवाल।

### सद्भाव यात्रा से कांग्रेस को मजबूती : हरेंद्र

उचाना। कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में सदभाव का संदेश देने के लिए निकले पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की अगुवाई में निकाली जा रही सदभाव यात्रा को लोगों का जबरदस्त जन समर्थन मिल रहा है। ऐलनाबाद हलके के दडबा कलां में भी यात्रा को जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान सिरसा जिला की जिलाध्यक्ष संतोष बैनीवाल की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। ये यात्रा प्रदेश की इतिहास की सबसे लंबी यात्रा है। इस यात्रा से प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती देने का काम बृजेंद्र सिंह कर रहे है। राहुल गांधी से बृजेंद्र सिंह ने मुलाकात की तो राहुल गांधी ने भी यात्रा की जमकर तारीफ की। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यात्रा निकाली जा रही है। नए लोग कांग्रेस से यात्रा के माध्यम से जुड़ रहे है।

### अंडरपास में जाम से वाहन चालक परेशान

उचाना। नवरात्र में देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी शक्तिपीठ पर श्रद्धालु पूजा, अर्चना करने जाते है। उचाना शहर से होकर काफी संख्या में श्रद्धालु जाते है। लितानी रोड पर अंडरपास पर नवरात्र के चलते वाहनों का आवागमन अधिक होने के चलते जाम की स्थिति रहती है। यहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा जाम से बचने के लिए हालांकि ड्यूटी पुलिस कर्मियों की लगाई है लेकिन वाहनों की संख्या अधिक होने के चलते जाम लगता रहता है। नवरात्र की छठ तक वाहनों का आवागमन अधिक रहता है। कई बार तो जाम में काफी देर तक वाहन चालक फंसे रहते है। वाहन चालक मंजीत, सुनील, राहुल ने कहा कि नवरात्र में वाहनों का आवागमन अधिक होने के चलते अंडरपास पर जाम रहता है। पुलिस प्रशासन द्वारा यहां पर पुलिस कर्मियों की नियुक्त तो की है लेकिन वाहनों की संख्या अधिक होने से जाम लगता रहता है।



उचाना। लितानी रोड अंडरपास में जाम में फंसे वाहन।



उचाना। वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### चाणक्य स्कूल कसूहन में वार्षिकोत्सव

उचाना। चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में वार्षिकोत्सव मनाया गया। शुरुआत माता सरस्वती, गणेश की आराधना के साथ-साथ दीप प्रज्जवलित करके की गई। विद्यालय डायरेक्टर संदीप चहल, सरपंच मीना, चाणक्य स्कूल अलेवा वाइस प्रिंसिपल योगिता ने माता सरस्वती व गणेश आराधना कर दीप प्रज्जवलित किया। विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रकार को प्रस्तुति दी। गणेश वंदना, स्वागत गीत, भगतसिंह, कबड्डी, चंद्रमा, राम मंदिर, अयोध्या, राजस्थानी नृत्य, पंजाबी गिद्दा पर प्रस्तुति दी। कसूहन सरपंच मीना, वाइस प्रिंसीपल योगिताख स्कूल डायरेक्टर संदीप ने विद्यार्थियों के नृत्य, कलाकारी की प्रशंसा की। प्रधानाचार्या रितु देवी ने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। होनहार विद्यार्थी स्कूल, क्षेत्र की शान है। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी निरंतर हर क्षेत्र में आगे आ रहे है।



जुलाना। वेट लिफ्टर दीपक लाठर के परिजन गाय के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए।

# शादीपुर में हवन कर गाय की तेरहवीं की रस्म पूरी की

### हृदय गति रुकने से निधन

- गाय को केवल एक पशु नही बल्कि माता के रूप में पूजा जाता था : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जुलाना

जुलाना क्षेत्र के शादीपुर गांव में अंतराष्ट्रीय वेटलिफ्टर दीपक लाठर के घर उनकी प्रिय गाय के निधन पर परिवार द्वारा हवन कर तेहरवीं की रस्म पूरी की गई। पूरे माहौल में भावुकता देखने को मिली और परिवार ने गाय को श्रद्धांजलि अर्पित की। दीपक लाठर ने बताया कि 13 मार्च को अचानक हृदय गति रुकने से उनकी गाय का निधन हो गया था। इस घटना से उनके परिवार को गहरा सदमा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि उनके घर में गाय को केवल एक पशु नही बल्कि माता के रूप में पूजा जाता था। परिवार के सभी सदस्य उससे गहरा लगाव रखते थे और उसकी देखभाल पूरी श्रद्धा और प्रेम से करते थे। दीपक के पिता बिजेंद्र लाठर ने बताया कि पिछले दो वर्षों से गाय उनके परिवार का हिस्सा थी। वह घर के हर सदस्य के लिए बेहद खास थी। उन्होंने कहा कि गाय उनके लिए सिर्फ दूध देने वाली नही बल्कि परिवार की सदस्य की तरह थी। जिसकी सेवा करना उनका कर्तव्य था। गाय के निधन से घर में खालीपन महसूस हो रहा है। दीपक लाठर ने यह भी बताया कि वह अपने खेल जीवन में कृत्रिम सप्लीमेंट्स की बजाय प्राकृतिक चीजों पर ज्यादा भरोसा करते हैं। उनका मानना है कि गाय का दूध और घी शरीर के लिए बेहद लाभकारी होता है। उन्होंने कहा कि गाय का घी शरीर को ताकत देने के साथ-साथ चोटों से उबरने में भी मदद करता है इसलिए वह इसे अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा मानते हैं। हवन कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा, अर्चना की गई और गाय की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। परिवार ने बताया कि गाय के साथ उनकी कई भावनात्मक यादें जुड़ी हुई हैं। जिन्हें वे कभी नहीं भूल पाएंगे।

# शहीदों के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



शहीदी दिवस के अवसर पर एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल जींद में शहीदों की याद में एक समारोह का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के अध्यक्ष बीएस गर्ग, प्रिंसिपल सुरेंद्र शर्मा एवं सभी स्टाफ मेंबर्स व बच्चों ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को पुष्पांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में बीएस गर्ग ने कहा कि हर वर्ष शहीद शहीद दिवस 23 मार्च को उन वीर सपूतों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने भारत देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इन तीनों वीर सपूतों को आज ही के दिन 1931 में ब्रिटिश हुकूमत द्वारा लाहौर सेंट्रल जेल में फांसी पर चढ़ा दिया गया था यह वीर सपूत भारत को आजाद करने के लिए आखिरी दम तक लड़े और देशवासियों में क्रांतिकारी भावना जगाई। भगत सिंह का मानना था कि इंकलाब जिंदाबाद केवल एक नारा नही बल्कि एक विचारधारा है जो देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कर सकती है। सुखदेव सिंह ने कहा था हमारे खून की एक-एक बूंद देश के काम आएगी। राजगुरु का कहना था कि हमारे जीवन का उद्देश्य भारत देश की आजादी करना है। उन्होंने कहा कि आओ हम सब मिल कर आज शहीदी दिवस के अवसर पर संकल्प लें कि हम अपने देश की सेवा में अपना योगदान देंगे और अपने शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। उनके आदर्शों को अपना कर हम अपने राष्ट्रीय को एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्रीय बनाएंगे।



जींद। सम्मेलन को संबोधित करते अभय चौटाला। फोटो :हरिभूमि

### सरकार ने युवाओं को गर्त में धकेला

जींद। इनेलो राष्ट्रीयध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि पहले दस साल कांग्रेस ने प्रदेश को लूटा और अब ग्यारह सालों से बीजेपी लूट रही है। युवाओं से अपील की कि भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव से प्रेरणा लेते हुए आप सभी युवा इन लुटेरी बीजेपी और कांग्रेस को सबक सिखाने का काम करेंगे। बीजेपी ने ग्यारह सालों में हरियाणा के युवाओं को गर्त में धकेल दिया है। इनेलो राष्ट्रीयध्यक्ष अभय चौटाला सोमवार को नरवाना की अनाज मंडी में इनेलो के प्रदेशस्तरीय युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। युवा सम्मेलन युवा सेल के राष्ट्रीय प्रभारी करण चैटाला के संयोजन में आयोजित किया। सम्मेलन के दौरान रानियां के विधायक अर्जुन ने प्रभावी मंच संचालन किया। 2014 और 2019 से जुलाना विस सीट से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुके धर्मेंद्र ढुल साथियों सहित इनेलो में शामिल हुए।

## बांके बिहारी होली महोत्सव में श्रद्धालुओं ने की बाबा श्याम की पूजा

# विशेष 56 भोग लगाया व पान प्रसाद इत्र वर्ष और पुष्प वर्षा देखकर श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नरवाना

समस्त श्याम प्रेमी नरवाना द्वारा रविवार को हुडा ग्राउंड नरवाना में श्री बांके बिहारी होली महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। श्री बांके बिहारी होली महोत्सव में वृंदावन से श्री बांके बिहारी का स्वरूप विशेष रूप से लाया गया। जिनके दर्शन करने से सभी भक्त मंत्र मुग्ध हो गए।

बहुत ही भव्य व सुंदर दरबार सजाया गया। जिसका नाम प्रेम मंदिर रखा गया। इस महोत्सव में भजन गायक सिंगर हेमंत बृजवासी मथुरा वाले तथा भजन गायिका शिल्पा कौशिक मुरादाबाद वाली बहुत ही सुंदर-सुंदर भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस बांके बिहारी होली महोत्सव में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी कै पुत्र गौरव बेदी व पुत्रवधू आकांक्षा बेदी ने शिरकत की तथा वशिष्ठ अतिथि बलराज गर्ग व महंत अजय गिरी महाराज बाबा गैबी और चंद्र प्रकाश पुजारी इस आयोजन में पहुंचें। सभी भक्तों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था पीने के पानी की व्यवस्था प्रसाद की व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था स्वयं सभी श्याम प्रेमी अपनी देखरेख में की। गौरतलब है कि हर वर्ष श्याम प्रेमी हुड्डा ग्राउंड में इस तरह के आयोजन करते आए हैं। कमल गर्ग ने बताया कि इस आयोजन में 56 भोग का विशेष भोग लगाया गया व पान प्रसाद इत्र वर्ष व पुष्प वर्षा देख कर श्रद्धालु मंत्र मुक्त हो गए।



नरवाना। बाबा श्याम के समक्ष माथा टेकते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### ‘नवरात्र’ का अर्थ नौ रातों से है, जो प्रतिपदा से नवमी तक मनाए जाते हैं

# नवरात्र आदि शक्ति माता भवानी की उपासना का विशेष काल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

आचार्य पंडित राम भगत हरित ने बताया कि ज्योतिष पंचांग के अनुसार ‘नवरात्र’ का अर्थ नौ रातों से है, जो प्रतिपदा से नवमी तक मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् देवी भागवत के अनुसार वर्ष में चार बार नवरात्र आते हैं—चैत्र, अषाढ़, माघ और अश्विन मास में। इनमें चैत्र और अषाढ़ के नवरात्र ग्रीष्मकालीन, जबकि माघ और अश्विन के नवरात्र शरदकालीन नवरात्र कहलाते हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्रों को आदि शक्ति माता भवानी की उपासना का विशेष काल माना जाता है। इस दौरान श्रद्धालु व्रत रखते हैं, कन्या पूजन करते हैं तथा दुर्गा सप्तशती पाठ, सहस्त्र चंडी, शतचंडी और आयुष चंडी जैसे यज्ञों का आयोजन कर अपने मनोरथ पूर्ण करने की कामना करते हैं। आचार्य हरितस ने आगे बताया कि चैत्र और अश्विन के नवरात्र प्रकट नवरात्र कहलाते हैं, जबकि अषाढ़ और माघ के नवरात्र गुप्त नवरात्र के रूप में जाने जाते हैं। ग्रीष्म नवरात्र जहां गर्मी के मौसम का संकेत देते हैं, वहीं शरद नवरात्र शरद ऋतु के आगमन का प्रतीक हैं। नवरात्र के पांचवें दिन स्थानीय दुर्गा मंदिर में महिला संकीर्तन मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। उन्होंने जानकारी दी कि दुर्गा अष्टमी की पूजा 26 मार्च को संपन्न होगी।


राजौंद। आचार्य राम भगत हरितस।

## नवरात्रों के पावन पर्व पर पूंडरी में बंद रखें मीट की दुकानें : मोहन लाल

पूंडरी। चैत्र नवरात्रों के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था और शहर की मर्यादा को बनाए रखने के लिए हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के आदेशों पर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में विजन को धरातल पर उतारते हुए नगरपालिका पुण्डरी द्वारा क्षेत्र के अधिकारियों ने कहा कि नवरात्रों का तमाम संवेदनशील स्थानों, मंदिरों पर्व पवित्रता का प्रतीक है, ऐसे में और मुख्य मार्गों के समीप स्थित सार्वजनिक स्थानों और विशेषकर मंदिरों के आसपास दुकानों पर मांस की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सफाई निरीक्षक वीरेंद्र ने बताया कि सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई है कि वे निर्धारित दिनों में दुकानों को स्वेच्छा से बंद रखें। जिसे लेकर आज नगर पालिका पुण्डरी में मीट की दुकान बंद करवाई गई। नगरपालिका की विशेष टीमें शहर के विभिन्न वार्डों और संवेदनशील इलाकों का औचक निरीक्षण करेंगी। नपा सचिव मोहन लाल ने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नगर पालिका अधिनियम के तहत कं सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगरपालिका सचिव ने क्षेत्रवासियों और दुकानदारों से इन अपील करते हुए कहा कि वे सांप्रदायिक सौहार्द और त्यौहार की पवित्रता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## सैंकड़ों महिलाओं सहित अनेक श्रद्धालुओं ने लिया भाग



पूंडरी। श्री पूंडरीक तीर्थ एवं मन्दिर सुधार सभा द्वारा नाग हृदय कुण्ड पूंडरी में पुण्डरीक तीर्थ वार्षिक मेला महोत्सव के उपलक्ष्य में पूंडरी के शरू हुई 8 दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा के पांचवे दिन सैंकड़ों महिलाओं सहित अनेक श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। श्री रामकथा कथा वाचक आचार्य संतोष त्रिपाठी जी महाराज की अमृतवर्षा करते हुए कहा की हर धर्म भगवान को एक ही मानता है और यही धर्म की परिभाषा भी है। उन्होंने ने बताया कि हर धर्म में भगवान के स्वरूप अलग-अलग हो सकते है, लेकिन भगवान एक ही होता है। जिस प्रकार बहुत सी नदियां समुद्र में मिलकर एक हो जाती है। आत्म बोध ही परमात्मा की प्राप्ति होती है। हर युग में प्राणी मात्र को प्रेरित और ज्ञान देने के लिए कर्म करने पर प्रेरित करने के लिए भगवान ने अलग-अलग रूप धारण कर धरा पर जन्म लिया। त्रेता युग में श्री रामचंद्र जी का स्वरूप धारण कर धर्म पर चलने का ज्ञान दिया तो द्वापर युग में श्री कृष्ण जी का स्वरूप धारण कर कर्म करने की प्रेरणा दी। एक सवाल के जवाब में आचार्य जी ने बताया कि प्रति दिन जाने अनजाने में किए जाने वाले असंख्य पापों का प्रायश्चित प्रतिदिन सुबह शाम भगवान का भजन और गुणगान करके किया जा सकता है। खासकर कलियुग में किये गये पापों का प्रायश्चित अवश्य भोगना पड़ता है और इस युग में किया गया पुण्य कर्म भी कई गुणा फलता है। इस मौके पर रवि दत्त शास्त्री, बृज भूषण बंसल, रमेश शर्मा, अनिल सैन व काफी संख्या में राम भक्त मौजूद थे।

# नवरात्र पर्व पर वट वृक्ष बना आस्था का केंद्र

- श्रद्धालु बांध रहे मनोकामना के धागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

नवरात्रों के पावन अवसर पर गांव फतेहपुर स्थित माता मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जहां एक ओर श्रद्धालु माता के दरबार में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं, वहीं मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन वट वृक्ष आस्था और विश्वास का विशेष केंद्र बना हुआ है। मंदिर कमेटी के प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि इस वट वृक्ष के प्रति लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। श्रद्धालु यहां आकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए वृक्ष पर धागा बांधते हैं और माता रानी से मन्नत मांगते हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी पूरे श्रद्धा भाव के साथ निभाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि यह वट वृक्ष केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक बन चुका है। यहां आने वाले लोग अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और उन्नति की कामना करते हैं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं ताकि किसी को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मंदिर में आकर मां का आशीर्वाद लें और इस पावन परंपरा का हिस्सा बनें। इस मौके पर उनके साथ कमेटी सदस्य प्रो. विनेश वालिया, ईश्वर दयाल उर्फ पप्पू प्रधान सहित अन्य मौजूद रहे।


पूंडरी। मंदिर परिसर पर वट वृक्ष के बारे में जानकारी देते प्रधान संजीव वालिया।

### हर मुराद इस वट वृक्ष की छांव में होती है पूरी

प्रधान संजीव वालिया बताया कि मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद इस वट वृक्ष की छांव में पूरी होती है। इसी कारण दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के साथ-साथ इस वृक्ष के दर्शन करना भी नहीं भूलते। खासकर नवरात्रों के दौरान यहां श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना वृद्धि हो जाती है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहता है।

# मंदिरों की स्वच्छता के लिए रखे समर्पण पात्र

- नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा जिले के छः मंदिरों में तीन-तीन समर्पण पात्र रखे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सांसद नवीन जिन्दल द्वारा धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ते हुए एक सराहनीय पहल की गई है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से जिले के छः मंदिरों में तीन -तीन समर्पण पात्र उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका उद्देश्य पूजा के बाद निकलने वाली सामग्री को अलग-अलग एकत्रित करना है। यह सभी समर्पण पात्र हल्का कैथल के माता गेट स्थित काली माता मंदिर व शेरावाली मंदिर, चंदाना गेट स्थित काली माता मंदिर, कमेटी चौक स्थित बड़ा तालाब मंदिर, बाबा राजपूती डेरा में बड़ी देवी मंदिर और 20 सेक्टर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के परिसरों में रखवाए गए हैं।

इन सभी समर्पण पात्रों को तीन श्रेणियों में, धूप एवं अगरबत्ती, पूजा के फूल तथा देवी-देवताओं को अर्पित किए जाने वाले वस्त्र आदि में विभाजित किया गया है। इस व्यवस्था से मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ जैविक और अजैविक सामग्री के उचित प्रबंधन को भी बढ़ावा मिलेगा।

त्योहारों के दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है, जिससे बड़ी मात्रा में पूजा सामग्री एकत्रित होती है। यदि इसे सही तरीके से अलग नहीं किया जाए, तो यह पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। इस पहल के माध्यम से न केवल मंदिर परिसर स्वच्छ रहेंगे, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। धार्मिक स्थलों से यदि हम यह संदेश समाज तक पहुंचाते हैं, तो इसका प्रभाव व्यापक और सकारात्मक होता है।



कैथल। सांसद नवीन जिंदल द्वारा रखवाए गए समर्पण पात्र।

### मांगों पर जल्द विचार नहीं किया तो आने वाले समय में आंदोलन होगा तेज

# जंतर-मंतर पर जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर प्रदर्शन

जनसंख्या वृद्धि के चलते बढ़ रही हैं बेरोजगारी, भुखमरी, लूट-खसोट और दंगों जैसी समस्याएं: आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

देश में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने की मांग को लेकर राजधानी के जंतर मंतर पर जनसंख्या नियंत्रण संघर्ष समिति के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान जनसंख्या नियंत्रण कानून लाओ, देश बचाओ के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से जल्द से जल्द सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की। इस मौके पर समिति के राष्ट्रीय महासचिव मास्टर नरेश आर्य क्योड़क ने कहा कि यदि देश में जनसंख्या वृद्धि पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बढ़ती जनसंख्या के कारण संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे आम नागरिकों के जीवन स्तर पर भी असर पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें देश में समान रूप से जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की गई। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से यह भी मांग उठाई कि सभी समुदायों पर समान रूप से यह कानून लागू हो, ताकि जनसंख्या संतुलन बनाए रखा जा सके। प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, जनसंख्या नियंत्रण संघर्ष समिति ने चेतावनी देते हुए कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



कैथल। जनसंख्या नियंत्रण संघर्ष समिति के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन करते समाज के लोग फोटो : हरिभूमि

### बढ़ रही है समस्याएं

मास्टर नरेश आर्य ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के चलते बेरोजगारी, भुखमरी, लूट-खसोट, मारपीट और दंगों जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं, जो देश की सामाजिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय हैं। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह सैनी ने कहा कि यदि देश को मजबूत और विकसित बनाना है, तो जनसंख्या नियंत्रण कानून लाना अत्यंत आवश्यक है।

### ये हुए शामिल

प्रदर्शन के दौरान समिति के संरक्षक रौनक गिरी महाराज, साध्वी भाग्यश्री देवी, ओमप्रकाश राठी (पूर्व प्रधान, गुर्जर धर्मशाला सभा कुरुक्षेत्र) सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा अनिल खटकड़, दिनेश कौशिक देवबन, रामसरूप, सिल्क राज कौशिक (भिवानी), अशोक क्योड़क, बनारसी ढांड, रमेश सुरमी समेत बड़ी संख्या में सदस्य और कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

# किसानों को सुविधाएं देना प्राथमिकता: मैहला

- अनावश्यक इंतजार जैसी समस्याओं से बचाने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

ढांड मार्केट कमेटी के चेयरमैन एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला ने गेहूं खरीद सीजन को लेकर मंडी का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है और उनकी फसलों की खरीद प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी व समयबद्ध बनाया जा रहा है।

विजेंद्र मेहला ने मंडी में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, तौल प्रणाली और फसल के शीघ्र उठान को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य समय पर मिले, यह सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को लाइन में खड़ा रहने या अनावश्यक इंतजार जैसी समस्याओं से बचाने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं।


ढांड। मार्केट कमेटी के चेयरमैन एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## गन्ने की खेती से मजबूत होगी किसानों की आर्थिक स्थिति: कृष्ण कुमार



कैथल। दि कैथल सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने कहा कि गन्ना फसल किसानों की आर्थिक समृद्धि का मजबूत आधार बन रही है। उन्होंने पूण्डरी क्षेत्र में प्रगतिशील किसानों के आवास पर आयोजित बैठक में कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ गन्ना खेती अब अधिक लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। किसानों को गन्ना बीज और कीटनाशकों की खरीद के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी लागत में कमी आ रही है। इसके अलावा गन्ने की तुलाई के लिए ऑनलाइन टोकन प्रणाली लागू की गई है, जिससे किसानों को मिल में लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ता और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी व सुगम बनी है। प्रबंध निदेशक ने कहा कि मिल प्रशासन किसानों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है और गन्ना खेती को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो किसान पिछले वर्षों से गन्ने की खेती कर रहे हैं, उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यही कारण है कि कई किसान, जिन्होंने पहले गन्ना उत्पादन छोड़ दिया था, अब दोबारा इस फसल की ओर लौट रहे हैं। इस अवसर पर गन्ना विपणन अधिकारी डॉ. रामपाल सिंह तंवर, गन्ना विकास निरीक्षक डॉ. सुलतान सिंह, गन्ना कामदार विजय कुमार सहित प्रगतिशील किसान जगबीर, राजबीर, ईशम सिंह और सोम प्रकाश समेत कई अन्य किसान उपस्थित रहे।

## महाराजा सूरजमल की भव्य मूर्ति का शिलान्यास



कैथल। कैथल के तितरम मोड़ पर क्रांतिकारी युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष गुरदीप ढांडा व अजय योद्धा महाराजा सूरजमल ट्रस्ट के प्रधान महिला चौशाला द्वारा आज कैथल में महाराजा सूरजमल की भव्य मूर्ति का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। संगठन के पदाधिकारी गुरदीप ढांडा व महिपाल चौशाला ने बताया कि आगामी 29 मार्च को भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का पूजन करेंगे। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है ।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की राह पर, हर वर्ग हो रहा खुशहाल: हर्ष सेठी



पूंडरी। भाजपा के जिला सचिव हर्ष सेठी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की पारदर्शी और जवाबदेह कार्यशैली के कारण प्रदेश का हर वर्ग आज स्वयं को सुरक्षित, सशक्त और खुशहाल महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीब, किसान, युवा, महिला और व्यापारी वर्ग के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनका सीधा लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों ने प्रदेश को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि किसानों के हित में फसलों के उचित दाम, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। वहीं युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं ने उन्हें समाज में नई पहचान दी है और वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। इसके साथ ही गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए भी अनेक कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है और इसी सोच के साथ निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और हर क्षेत्र में प्रगति के नए कीर्तिमान बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कार्यशैली ने लोगों का विश्वास जीता है और यही कारण है कि प्रदेश में विकास और सुशासन की एक नई पहचान बनी है।

सत्संग

### सत्संग का कभी समापन नहीं होता, बल्कि केवल विश्राम होता है

# गीता हर युग और हर स्थान के लिए मार्गदर्शक: ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के भाई उदय सिंह किला में श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति एवं जीओ गीता परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग का रविवार देर शाम विश्राम हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति व आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। सत्संग के समापन अवसर पर महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि सत्संग का कभी समापन नहीं होता, बल्कि केवल विश्राम होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग का उद्देश्य व्यक्ति के भीतर आत्मिक जागृति लाना है, जो निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने भगवद गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता केवल किसी एक स्थान या समय के लिए नहीं, बल्कि पूरे विश्व और हर युग के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने बताया कि गीता के उपदेश किसी दूत या आचार्य द्वारा नहीं, बल्कि स्वयं भगवान कृष्ण द्वारा दिए गए हैं, जो इसकी दिव्यता को और अधिक बढ़ाते हैं। स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा कि सनातन धर्म में एक ही परमात्मा है, लेकिन उसके अनेक रूपों और शक्तियों का वर्णन किया गया है, जिसे समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सनातन धर्म पर कटाक्ष करते हैं, लेकिन वास्तव में यह इसकी समृद्धि और व्यापकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूंडरी हलका के विधायक सतपाल जाम्बा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथियों में अशोक चावला, सांसद नवीन जिंदल के कैथल जिला प्रभारी रविंद्र धीमान एवं कैथल इंचार्ज अरविंद गोलन भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने वाला बताया।

स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व के कई हिस्सों में अशांति, युद्ध और प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिल रही हैं। ऐसे समय में गीता का संदेश मानवता को सही दिशा दिखा सकता है।


कैथल। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज से आशीर्वाद लेते विधायक सतपाल जांबा तथा उपस्थित जनसमूह। फोटो : हरिभूमि

### हर प्रश्न का समाधान

स्वामी ज्ञानानंद जी ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवद गीता मानव जीवन के हर प्रश्न का समाधान प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि गीता मानवता की मुस्कान है और इसमें अमृत समान ज्ञान भरा हुआ है। उन्होंने अर्जुन और भगवान कृष्ण के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि महाभारत की युद्धभूमि में भी शांति और धर्म का संदेश दिया गया, जो आज के समय में और अधिक प्रासंगिक है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत,पूर्व चेयरमैन अरुण सर्राफ,श्याम लाल बंसल,प्रमुख समाज सेवी सुधीर मेहता,अमरजीत छाबड़ा , राजकुमार मुखीजा,डॉ.सुदर्शन चुघ,डॉ. रोहित मेहता, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शहीदी दिवस पर 64 युवाओं ने किया रक्तदान

**जींद।** शहीदी दिवस के अवसर पर जागृति हाई स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन डा. रविन्द्र पूनिया द्वारा किया गया। इसमें 64 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में जिप चेयरमैन कुलदीप रंधाना ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि मार्केटिंग बोर्ड के अधीक्षक अभियन्ता नवीन दहिया ने अध्यक्षता की व विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय युवा अवार्डी सुभाष ढिगाना, नवजीवन अस्पताल के संचालक डा. सतीश शर्माए आरोग्यम अस्पताल जुलाना के डॉयरेक्टर डा. योगेश नांदल मौजूद रहे। कुलदीप रंधावा ने कहा कि शहीदी दिवस पर शिविर लगाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना सराहनीय कार्य है। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### एसआईयूटीयूसी ने मनाया शहीदी दिवस

**जींद।** शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के 95वें शहादत दिवस को यूनियन कार्यालय में एआईयूटीयूसी के कार्यकर्ताओं ने शहीदी दिवस को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया। इसकी अध्यक्षता एआईयूटीयूसी के राज्य सदस्य ईश्वर सिंह दहिया ने की व संचालन सुधीर करसिंधु ने किया। जिला प्रधान सुधीर करसिंधु ने कहा कि आज का दिन सारे देश में अमरीका व इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहे बर्बर हमलों के विरोध में साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सुधीर ने इस युद्ध के खिलाफ जनता को एकजुट हो कर आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

### सीआरएसयू में शहीदों को किया नमन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में शहीदी दिवस बड़े ही सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने शहीद पवन खटकड़ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कुलगुरु ने कहा कि शहीदी दिवस हमें उन महान वीरों के बलिदान की याद दिलाता हैए जिन्होंने देश की आजादी और सम्मान के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि 23 मार्च का दिन विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को ब्रिटिश हुकूमत द्वारा फांसी दी गई थी।

### युवाओं ने शहीदों को नमन करते हुए लगाए भारत माता के जयकारे

# शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए निकाली श्रद्धांजलि बाइक यात्रा





**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर को भारत माता का चित्र भेंट करते हुए अतुल चौहान व शहर में निकाली गई शहीद यात्रा में शामिल युवा। *फोटो: हरिभूमि*

### शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलें युवा: डा. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जयति-जयति हिंदू महान संगठन द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष में सोमवार को श्रद्धांजलि बाइक यात्रा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि यात्रा में सैंकडों बाइक व 150 से ज्यादा गाडिय़ों व 50 ट्रैक्टरों का काफिला पहुंचा। यह यात्रा रेलवे जंक्शन से शुरू होकर शहीदी स्मारक पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के सुपुत्र वीरेंद्र मोहनलाल बड़ौली, जुलाना से भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश, गऊ सेवा दल हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद श्योकंद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर जयति-जयति हिंदू महान संगठन के प्रदेश संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि संगठन द्वारा पिछले 12 सालों से श्रद्धांजलि बाइक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर बार हजारों की संख्या में देशभक्त पहुंचते हैं तथा हिंदुस्थान के लिए बलिदान हुए देशभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। अतुल चौहान ने कहा कि हमारे वास्तविक हीरो वही हैं जिन्होंने अपना सर्वस्व देश पर न्यौछावर कर दिया है। आज के युवा साथियों को देश धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए संगठन द्वारा समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं। सरकार को चाहिए कि देशभक्तों की जीवनी को स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चे इन महान लोगों के बारे में जान सकें व इनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश को आगे लेकर जाने में अपना योगदान दे सकें। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के पुत्र वीरेंद्र बडौली ने कहा कि जिन महान आत्माओं ने हमारे देश के लिए बलिदान दिया है, उन्हें हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। उनके जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस श्रद्धांजलि बाइक यात्रा में पूरे जींद शहर से मार्केट एसोसिएशन, जिम संचालक, मिस्त्री मार्केट, श्री राधे रोटी बैंक, बाजार एसोसिएशन, गऊ सेवा दल सफीदों, गऊ सेवा दल मुआना, उचाना, जींद शहर के गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

#### पाठ्यक्रम में शामिल हो शहीदों की जीवनी

जयति-जयति हिंदू महान संगठन के प्रदेश संयोजक अतुल चौहान ने कहा कि यात्रा कई सालों से निकाल रहे हैं। हमारा लक्ष्य यही है कि जो नए बच्चे हैं, उनके अंदर हमारे शहीदों के प्रति समर्पण हो, उनके लिए सम्मान हो। उनको पता ही नही है कि शहीद कितने हुए हैं लेकिन सात लाख लोग शहीद हुए हैं। शहीदों की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। उनके द्वारा किए गए संघर्ष व देश के लिए दिए गए बलिदान का देश सदैव ऋणी रहेगा।

## देश की एकता के लिए करें कार्यः रिषिपाल

- कहा : शहीदों के बलिदान को कभी न भूलें

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए रिषिपाल हैबतपुर। *फोटो: हरिभूमि*

शहर के गोहाना रोड स्थित शहीद स्मारक पर सोमवार सायं कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। शहीदी दिवस के उपलक्ष पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने अपने संबोधन में शहीदों के बलिदान को देश की आजादी की नींव बताते हुए कहा कि हमें उनके त्याग को कभी नहीं भूलना चाहिए। देश की स्वतंत्रता के लिए असंख्य वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। कांग्रेस पार्टी का गौरवशाली इतिहास इस बात का साक्षी है कि आजादी की लड़ाई में पार्टी के अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बढ़.चढकर हिस्सा लिया और अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भी देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अनेक जवान शहीद हुए हैं, जिनकी वजह से आज हम सभी स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी रहे हैं। रिषिपाल हैबतपुर ने भावुक शब्दों में कहा कि शहीदों के सम्मान में कही गई पंक्तियांशहीदों की चिताओं पर हर बरस लगेंगे मेले, वतन पर मिटने वालों का बाकी यही निशां होगा, हमें हमेशा प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि केवल फूल अर्पित करने से नही बल्कि उनके सपनों को अपने जीवन में उतारने से होती है। इस मौके पर पवन दुहन, राममेहर, राजा कंडेला, कमल चौहान, राजकुमार बाल्मीकि, विजय मोर, महावीर कंप्यूटर, इशाक भट्टी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### धर्मेंद्र ढुल को मिले थे अनेक अवसर

इस दौरान पत्रकारों द्वारा प्रो. धर्मेंद्र सिंह ढुल के कांग्रेस छोडकर इनेलो में शामिल होने को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए रिषिपाल हैबतपुर ने स्पष्ट कहा कि पार्टी ने उन्हें जुलाना विधानसभा से लगातार दो बार टिकट दिया लेकिन वे चुनाव नहीं जीत सके। इसके बावजूद उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी और डेलीगेट जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अवसर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रो. ढुल को यह बताना चाहिए कि उन्होंने पार्टी के लिए क्या योगदान दिया। उनके पार्टी छोडने से कांग्रेस को कोई विशेष नुकसान नही होगा।

## शहीद दिवस पर जडौला में क्रांतिकारियों को नमन



**ढांड।** कामरेड राजकुमार सारसा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

- वक्ताओं ने युवाओं से शहीदों के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

गांव जडौला की रविदास धर्मशाला में शहीद दिवस के अवसर पर आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन और आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीशपाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने अपने विचार रखे। संचालन कामरेड दर्शन सिंह ने किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि 23 मार्च 1931 भारतीय इतिहास का वह दिन है जब क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके बलिदान आज भी देशवासियों को अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में बलदेव सिंह, महावीर, धूप सिंह, मुकेश, सुनीता सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## 96वें शहीदी दिवस पर सेमिनार

- शहीदों के विचारों को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि: रामपाल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** कर्मचारियों को संबोधित करते नेता। *फोटो: हरिभूमि*

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, सीटू व सहयोगी संगठनों ने सामूहिक रूप शहीद भगत सिंह,सुखदेव व राजगुरु के 96वें शहीदी दिवस पर हुडा सेक्टर 19 के कम्युनिटी हॉल में सेमिनार आयोजित किया। इसकी अध्यक्षता सयुक्त रूप से ओमपाल भाल, बसाऊ राम चंदाना, रामकली जांगड़ा, रमेश हरित व जसबीर सिंह ने और मंच संचालन जयप्रकाश शास्त्री ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा ने /"शहीदी दिवस एवं उसकी वर्तमान दौर में प्रासंगिकता/" विषय पर विस्तार से बात रखी। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रधानाचार्य प्रकाश आनंद, एलआईसी से सेवानिवृत ओमप्रकाश सोलरा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह, उपप्रधान कपिल सिरोही, जिला सचिव शिवचरण, उपप्रधान सावित्री देवी, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान रामफल दयोहरा व सीटू के जिला सचिव नरेश रोहड़ा ने भी अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि दुनिया भर में शहीद भगत सिंह की लोकप्रियता लगातार बढती जा रही है। आज के दौर में भी उनके विचारों की प्रासंगिकता तनिक भी कम नहीं हुई है।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राजेंद्र सीनन्द, विजय शर्मा,छज्जू राम, कामरेड सतपाल आनंद, मंजीत सिंह, कोच महेंद्र सिंह,अमरनाथ किठानिया,शमशेर कालिया,कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल, जोगिंद्र सिंह, सतीश कुमार, वीरेंद्र दयोल, सुरेश देवबन, राजेश कुमार,कृष्ण चंदाना, बलबीर सिंह, सुरेश शर्मा, विद्या देवी,मंजीत हाबड़ी,शकुंतला, जमीला, सुषमा जड़ौला, सोनिया, संतोष, बिमला देवी,सियादत्त,राजकुमार सोलंकी, पवन कुमार,रामफल माथुर,राममेहर,अमित क्योंडक, नरेश कुमार, सुनील सेगा व पूजा आदि मौजूद रहे।

## आईटीआई में शहीदों की स्मृति में हुआ सम्मान व श्रद्धांजलि समारोह



**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सेमिनार हॉल में शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को नमन करना था। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने की व शुभारंभ वर्ग अनुदेशक मंगल ने किया। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने शहीदों के अदम्य साहस, बलिदान और देश के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। युवाओं को विशेष रूप से देशभक्ति, अनुशासन और समर्पण की भावना अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इसके साथ ही देशभक्ति एवं शहीदों का बलिदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में स्टैनो हिंदी व्यवसाय से अंजली प्रथम, ड्रेस मेकिंग व्यवसाय से मंजू द्वितीय व ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल व्यवसाय से नेहा तृतीय रही। सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## इनेलो के युवा शहीदी सम्मेलन में दिखा जोश

- नरवाना अनाज मंडी में आयोजित हुआ सम्मेलन, राजौंद से सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद



**राजौंद।** इनेलो के युवा शहीदी सम्मेलन के लिए उत्साह के साथ रवाना होते हुए कार्यकर्ता। *फोटो: हरिभूमि*

राजौंद से इनेलो ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनू वर्मा की अध्यक्षता में सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक नरवाना में आयोजित इनेलो के युवा शहीदी सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं में सम्मेलन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और रवाना होने से पहले जगह-जगह इनेलो के समर्थन में नारेबाजी भी की गई। सोनू वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नरवाना की अनाज मंडी में आयोजित इस युवा शहीदी सम्मेलन में प्रदेशभर से लाखों युवाओं की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हरियाणा में इनेलो का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग बड़ी संख्या में पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर जुड़ रहा है, जो आने वाले समय में बड़ा बदलाव लाएगा।उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की कर्मभूमि में आयोजित किया गया, जहां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। नरवाना के लिए रवाना होते समय वाहनों की लंबी कतारें नजर आईं, सम्मेलन को लेकर लोगों में भारी उत्साह है।

## शहीदों की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए : वीरेंद्र धनखड़

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



आल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धनखड़।

- स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को सरकारी तौर पर प्रदान मिले शहीदी का दर्जा

आल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धनखड़ ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग की है कि वीरता, प्रचंड देशभक्ति, महान बलिदानी स्वतंत्रता सेनानी शहीद ए आजम भगत सिंह को सरकारी तौर पर शहीदी का दर्जा प्रदान किया जाए। राष्ट्र को अंग्रेजों की प्राधीनता रूपी गुलामी की जंजीरों से छुटकारा दिलाने के लिए जिसने अपने जीवन के भरपूर यौवन काल में ही परिवार से विरासत में मिली देशभक्ति की भावना को शिखर पर पहुंचते हुए भारत माता की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान प्रस्तुत करते हुए सिद्ध किया कि स्वयं के त्याग तपस्या एवं बलिदान के बिना किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव है। धनखड़ ने कहा कि आजादी के आठ दशक बाद भी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, बटुकेश्वर दत्त, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे अन्य महान देशभक्तों को जिनके कारण प्रथम दृष्टा आज देश खुली हवा में सांस ले रहा है, उन्हें सरकारी तौर पर शहीदी का दर्जा नहीं मिलना एक गंभीर एवं चिंताएं विषय है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकारों से मांग की है कि प्राथमिक शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक शहीदों की जीवनी के महत्वपूर्ण विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। जिससे देश के प्रत्येक नौजवान विशेषकर विद्यार्थी वर्ग में देशभक्ति की भावना जागृत हो सके।

### शहीदी स्मारक पर अर्पित की पुष्पाजंलि

**जींद।** डा. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी ने सोमवार को शहीदी पार्क में प्रधान राजेश पहलवान की अध्यक्षता में शहीदी दिवस मनाया। सबसे पहले सोसाइटी के सभी सदस्यों ने शहीदी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीदों को नमन किया। सोसाइटी के पूर्व महासचिव दलबीर सिंह आल्याहन ने कहा कि हमें जाति व धर्म से ऊपर उठ कर देश के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर लटक कर देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले राजगुरु, सुखदेव व भगत सिंह को हमेशा याद रखना चाहिए। इन क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर सोसाइटी के उपप्रधान महेंद्रपाल, कमल चोपड़ा, दयानंद, मंगलचंद, सतीश काजल, वजीर कटारिया आदि मौजूद रहे।

## सीवन में शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

- देशभक्ति के गीतों से परिसर का माहौल हुआ भावुक

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन



**सीवन।** आयोजित हवन में भाग लेते नगर निवासी। *फोटो: हरिभूमि*

शहीदी दिवस के अवसर पर सीवन नगर में शहीदों की स्मृति में एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हवन कर एवं पुष्प अर्पित कर देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का आयोजन संजय सैन व सीवन स्पोर्ट्स अकैडमी द्वारा किया गया, जिसमें नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों व युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान के साथ हुई, जिसके बाद नेशनल पैरा एथलीट राहुल सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से हवन में आहुति डालकर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया।

#### देशहित में कार्य पर किया जागरूक

सभी क्रांतिकारियों में एक समान विशेषता थी धर्म के प्रति अडिगता और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण, जिसके बल पर उन्होंने स्वतंत्रता का सपना साकार किया। कार्यक्रम के दौरान जीत कामरा ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया, वहीं पवन चुघ ने देशहित में कार्य करने का आह्वान किया। इसअवसर पर समाजसेवी संदीप सैनी, सचिव रितु इंगोरिया, उपप्रधान सुरेश भट्ट, सहसचिव सुनील सक्सेना, कोच सुदर्शन सिंह, कमल सीवन, बिंद्र सौथा, सोनू सैनी, चतर सिंह, अमित सैनी, सुरेश आदि रहे।

### हरियाणा शहीद स्मारक पार्क के प्रांगण में हुआ कार्यक्रम

# शहीदी दिवस पर 109 वर्षीय वीर माता को मेरा रंग दे बसंती चोला गीत गाकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** शहीदी दिवस पर वीर माता पूर्व सैनिकों के परिजनों को सम्मानित करते हुए।

शहीदी दिवस पर शहीदों की चिता पर लगने वाला मेला जो पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सौजन्य से हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल के प्रांगण लगा इस बारे एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि, मुख्य अतिथि के तौर पर वीरमाता श्रीमती जेली देवी 109 वर्षीय माता शहीद नायक रमेश कुमार पंजाब रेजिमेंट कुपवाड़ा में 2011 सर्वोच्च बलिदान दिया एवं वीरमाता श्री मती भूरो देवी माता शहीद लेफ्टिनेंट सतबीर सिंह शौर्य चक्र एवं सेना मैडल,सेना शिक्षा कोर ने मिजोरम 2009 में सर्वोच्च बलिदान दिया,दोनों वीरमाताओ ने दर्जनों मातृशक्ति के साथ मिलकर पुष्प चक्कर अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

#### स्मारक प्रांगण में किया पौधरोपण

सम्मान समारोह में वीरमाता श्रीमती जेली देवी व वीरमाता भूरो देवी और पुर्व सैनिक बलबीर सिंह कश्यप उप जिला शिक्षा अधिकारी को उन की सेवाओं को मध्य नजर रखते हुए। एयर फोर्स राज्य प्रधान धर्मवीर जी, कैप्टन नरसिंह ढुल,एच एफ ओ भीम सिंह गिल,लेफ्टिनेंट मेघ सिंह राणा,इन्स्पेक्टर सोम दत्त शर्मा व एसोसिएशन के पदाधिकारी ने एसोसिएशन का स्मृति चिन्ह भेंट किया और एसोसिएशन की तरफ से उपस्थित मातृशक्ति ने वीर माता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। नई दिशा एन जी ओ की मातृ शक्ति ने शहीदी दिवस पर स्मारक के प्रांगण में पेड़ लगाए। सैकड़ो पूर्व सैनिक और सैनिक परिवारों की उपस्थिति में एसोसिएशन प्रधान ने पूर्व सैनिकों से संबंधित कई अहम मुद्दों पर फैसले लिए और सभी को बताया कि हमारे पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को पेंशन से संबंधित एवं अन्य सुरक्षा आदि की जिम्मेदारी का दायित्व हम सभी पूर्व सैनिकों है। हमारी किसी भी वीर नारी को कोई किसी प्रकार की परेशानी असहनीय हो गई।